पत्र संख्या-स्था0-2-वा0क0अ0-पदोन्नति-2019-20/ 655 /वाणिज्य कर
कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश,
(स्थापना-अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक : 03 जुलाई, 2020

// प्रोन्नति आदेश //

सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्रांक- 18(iv)/02/पी/एस-5/2019-20, दिनांक 22-06-2020 द्वारा उपलब्ध करायी गयी संस्तुति के क्रम में, निम्नांकित कार्मिकों को चयन वर्ष 2019-20 के सापेक्ष कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (रु0 47600-151100) में एतद्द्वारा पदोन्नति प्रदान की जाती है :-

क्र0स0	संवर्ग का ज्येष्ठता क्रमांक	चयनित कार्मिक का नाम (सर्वश्री/श्रीमती)	संवर्ग
1	2	3	4
1	349	रामरहस्य	**आशुलिपिक**
2	350	रमेश प्रसाद	उक्त
3	352	जयलाल	उक्त
4	354	रामकेश	उक्त
5	1202	अमित श्रीवास्तव	**लिपिक**
6	1203	अशोक कुमार श्रीवास्तव	उक्त
7	1205	अशोक कुमार त्रिपाठी	उक्त
8	1207	राजीव कुमार मिश्रा	उक्त
9	1208	काशी राम वर्मा	उक्त
10	1209	वकी उल्लाह खॉन	उक्त
11	1212	राजेश प्रताप सिंह	उक्त
12	1214	अशोक कुमार शर्मा	उक्त
13	1215	भानु प्रताप	उक्त
14	1216	ज्ञान प्रकाश गुप्ता	उक्त

(क) उपर्युक्त अधिकारियों की पारस्परिक ज्येष्ठता वाणिज्य कर अधिकारी संवर्ग में यथा समय बाद में नियमानुसार प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित की जायेगी।

(ख) उक्त नव पदोन्नत अधिकारियों को सम्बंधित जोनल एडीशनल कमिश्नर/ ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)/डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर अपने कार्यालय में वर्तमान तैनाती के स्थान पर इस प्रतिबन्ध के साथ तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने का कष्ट करें कि वह अग्रिम तैनाती के आदेशों तक अपने जोन के एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 के निर्देशानुसार वर्तमान तैनाती के स्थान पर पूर्ववत कार्य करते रहेंगे।

(ग) उक्त अधिकारी प्रारम्भ में दो वर्ष परिवीक्षा पर रहेंगे। यह अवधि यथा नियम बढ़ायी भी जा सकती है।

(घ) उक्त संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में आधारभूत/ व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित किये जाने पर यदि कोई अधिकारी प्रश्नगत प्रशिक्षण में सम्मिलित नही होगा तो यह माना जायेगा कि वह वाणिज्य कर अधिकारी के पद का कार्य, आवश्यक क्षमता व ज्ञान के साथ करने का इच्छुक नही है और उन्हें तत्काल प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा। आधारभूत /व्यावहारिक प्रशिक्षण, वाणिज्य कर अधिकारी के पद के दायित्वों का दक्षता से निर्वहन किये जाने हेतु अत्यन्त आवश्यक है और इसमें नामित किसी भी अधिकारी को इससे किसी भी आधार पर न तो छूट मिलेगी न ही अगले कोर्स में भाग लेने का प्रार्थना को माना जायेगा।

Scanned by CamScanner

(च) उक्त आदेश के क्रमांक 07 पर अंकित श्री अशोक कुमार त्रिपाठी (ज्येष्ठता क्रमांक 1205) की पदोन्नति, शासन के पत्र संख्या- 79/11-3-2020-103/18, दिनांक 21-01-2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में तदर्थ रूप से कार्यरत कनिष्ठ लिपिकों द्वारा संशोधित तिथि से विनियमित किये जाने के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिकाओं- 18182/SS/2018, 18445/SS/2019, 18837/SS/2019, 18908/SS/ 2019, 20316/SS/2019 व 18167/SS/2019 आदि में मा0 न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

(छ) उक्त सभी पदोन्नतियाँ रिट या0स0 61917/ 2008 बाबू खाँ बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित होने वाले निर्णय के अधीन सशर्त जारी की जा रही है।

ह0/-
(अमृता सोनी)
कमिश्नर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- उप सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को आयोग के पत्र संख्या-59(II)/06/ पी/एस-5/2019-20 दिनांक 22-06-2020 के सन्दर्भ में।
2- विशेष सचिव, राज्य कर अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
4- निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को राजकीय गजट में आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
5- एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6- संबंधित जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त नव पदोन्नत वाणिज्य कर अधिकारियों के कार्यभार करने की सूचना आन लाइन कम्प्यूटर के माध्यम से तथा हार्ड कापी दिनांक 30-06-2020 तक मुख्यालय को अवश्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।
7- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर, गोमतीनगर, लखनऊ।
8- संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9- संबंधित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश लखनऊ।
10- संबंधित अनुभाग अधिकारी वाणिज्य कर, मुख्यालय।
11- संबंधित मुख्य कोषधिकारी, उत्तर प्रदेश।
12- संबंधित आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
13- संबंधित ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्य0/वि0अनु0शा0/प्रवर्तन/अपील/ उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
14- संबंधित डिप्टी कमिश्नर (क0नि0/वि0अनु0शा0/प्रशासन) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
15- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0)वाणिज्य कर,मुख्यालय को आदेश की एक प्रति विभागीय बेबसाईट पर अपलोड़ कराने हेतु।
16- मैनुअल अनुभाग, मुख्यालय।
17- कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए स्थापना राजपत्रित अनुभाग वाणिज्य कर, मुख्यालय।
18- स्था0-2, पटल को संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत पत्रावली में रखने हेतु।
19- चरित्र पंजिका पटल को।
20- संबंधित अधिकारियों को नाम से।

03-07-2020
(डी0 के0 सचान)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned by CamScanner